महानगर टाइम्स
सजग प्रहरी

# राजस्थान/जयपुर:नकली अल्ट्राटेक सीमेंट बना रहे दो आरोपित गिरफ्तार

**क्राइम** | MahanagarTimes | 15 July 2020

महानगर संवाददाता

जयपुर। हरमाड़ा थाना पुलिस ने इलाके में फैक्ट्री लगाकर नकली सीमेंट बनाकर बेच रहे दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रमेश सैनी ने बताया गिरफ्तार आरोपित अनिमेष उफऱ् लड्डू (29) और रामपाल गुर्जर (50) हरमाड़ा इलाके के रहने वाले है। आरोपितों के खिलाफ सोमवार सुबह अल्ट्राटेक कम्पनी के पदाधिकारी ने नकली सीमेंट बनाने का मुकदमा दर्ज कराया था, जिसके बाद पुलिस टीम ने दौलतपुरा चौकी के पास सेवापुरा स्थित फैक्ट्री में छापा मारकर दोनों आरोपितों को नकली सीमेंट बनाते हुए दबोच लिया। आरोपितों से प्रारंभिक पूछताछ में जयपुर में किसी अभिषेक नाम के व्यक्ति को नकली सीमेंट बेचना बताया गया है, पूरे नेटवर्क खुलासे को लेकर पूछताछ की जा रही है।
धारधार हथियार लेकर घूम रहा बदमाश गिरफ्तार :- वहीं हरमाड़ा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए भैरुजी मंदिर के पास वारदात की फिऱाक में घूम रहे आरोपित मनोज बाबरिया को गिरफ्तार कर कब्जे से धारधार हथियार बरामद किया है।

Source: https://www.mahanagartimes.com/post/rajasthan-jaipur-two-accused-making-fake-ultratech-cement-arrested